**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**09.08.2023 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3264 का उत्तर**

**चौकीदार रहित रेल समपार**

**3264. श्रीमती चिंता अनुराधा:**
**श्री मितेष पटेल (बकाभाई):**
**श्रीमती भावना गवली (पाटील):**
**श्री कृपाल बालाजी तुमाने:**
**श्रीमती शारदा अनिल पटेल:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क)** देश में चौकीदार रहित रेल समपारों की कुल संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
**(ख)** विगत पांच वर्षों के दौरान इन रेल समपारों पर दुर्घटनाओं में हुई मौतों के मामलों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
**(ग)** देश में कुल कितने चौकीदार रहित रेल समपार हैं तथा उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
**(घ)** वर्ष 2018 से चौकीदारों रहित समपारों को प्रतिस्थापित करने के लिए निर्मित रेलवे अंडर-ब्रिज और रेलवे उपरिपुलों की कुल संख्या का वर्ष और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
**(ङ)** चौकीदार रहित रेल समपारों को बदलने के लिए खर्च की गई कुल राशि का ब्यौरा क्या है; और
**(च)** सरकार द्वारा सभी चौकीदार रहित रेल समपारों को एक निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रतिस्थापित करने के लिए क्या योजना बनाई गई है?

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

**********

s.k

चौकीदार रहित रेल समपार के संबंध में 09.08.2023 को लोक सभा में श्रीमती चिंता अनुराधा, श्री मितेष पटेल (बकाभाई), श्रीमती भावना गवली (पाटील), श्री कृपाल बालाजी तुमाने और श्रीमती शारदा अनिल पटेल के अतारांकित प्रश्न सं. 3264 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (च): भारतीय रेल के बड़ी लाइन नेटवर्क की लाइनों पर मौजूद सभी बिना चौकीदार वाले समपारों को चौकीदार तैनात कर, बंद/आमेलित कर एवं ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण द्वारा समाप्त कर दिया गया है। बहरहाल, वर्तमान में भारतीय रेल में मीटर लाइन (मी.ला.) एवं छोटी लाइन (छो.ला.) पर बिना चौकीदार वाले समपारों (यूएमएलसी) की संख्या 559 अदद हैं, जिनमें से गुजरात में 262 अदद बिना चौकीदार वाले समपार, महाराष्ट्र में 6 अदद बिना चौकीदार वाले समपार, राजस्थान में 96 अदद बिना चौकीदार वाले समपार, उत्तर प्रदेश में 32 अदद बिना चौकीदार वाले समपार एवं पश्चिम बंगाल में 163 अदद बिना चौकीदार वाले समपार शामिल हैं। इन खंडों के आमान परिवर्तन के दौरान इसे समाप्त कर दिया जाएगा।

पिछले चार वर्षों एवं चालू वर्ष में, इन समपारों पर मृत्यु का कोई मामला सूचित नहीं किया गया है।

भारतीय रेल में वर्ष 2018-19 (जून, 23 तक) से कुल 6149 अदद निचले/ऊपरी सड़क पुल (आरयूबी/आरओबी) का निर्माण किया गया है, जिसमें यूएमएलसी के बदले आरओबी/आरयूबी का निर्माण शामिल है। राज्य-वार ब्यौरा निम्नानुसार है;

| राज्य | पूरे किए गए आरयूबीआरओबी/ |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 423 |
| असम | 171 |
| बिहार | 310 |
| छत्तीसगढ़ | 67 |
| दिल्ली | 4 |
| गोवा | 10 |
| गुजरात | 584 |
| हरियाणा | 233 |
| हिमाचल प्रदेश | 2 |
| जम्मू और कश्मीर | 5 |

s.k

| | |
|---|---|
| झारखंड | 204 |
| कर्नाटक | 266 |
| केरल | 42 |
| मध्य प्रदेश | 441 |
| महाराष्ट्र | 496 |
| मिजोरम/मणिपुर/नागालैंड | 29 |
| ओडिशा | 190 |
| पंजाब | 186 |
| राजस्थान | 805 |
| तमिलनाडु | 333 |
| तेलंगाना | 286 |
| त्रिपुरा | 16 |
| उत्तर प्रदेश | 844 |
| उत्तराखंड | 17 |
| पश्चिम बंगाल | 185 |
| कुल | 6149 |

बिना चौकीदार वाले समपारों को प्रतिस्थापित करने के लिए निचले/ऊपरी सड़क पुल के निर्माण में उपगत व्यय का अलग से रिकार्ड नहीं रखा जाता है। 01.04.2018 (जून,23 तक) से भारतीय रेलवे पर यूएमएलसी को समाप्त करने सहित सड़क सुरक्षा कार्यों (आरओबी/आरयूबी और लेवल क्रॉसिंग) के लिए कुल 24,711 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

*******

s.k